BCM School ,Basant Avenue,Ludhiana

कक्षा -छठी

Worksheet No.2(हिंदी)

क. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है ।इस संसार में एक दूसरे के सहयोग के बिना काम असंभव है ।जहाँ सहयोग हैं वहाँ उन्नति है और जहाँ सहयोग नहीं है वहाँ विफलता है ।जहाँ लोग मिलकर रहते हैं ,वहाँ सुख, धन सब कुछ है और इसके विपरीत जहाँ लोग मिलकर नहीं रहते वहाँ दुख ही दुख है ।जहाँ मेलजोल है, वहाँ लक्ष्मी का निवास है ।सुमति एक ऐसा गुण है जिसके आने से बाकी गुण स्वयं ही आ जाते हैं ।साथ ही इसके ना रहने से कई दुर्गुण स्वयं आ जाते हैं ।जहाँ आपस में सहयोग की भावना है ,वहाँ सौभाग्य ही सौभाग्य है। सुमति वह कल्पवृक्ष है जिसकी छाया में कोई कष्ट नहीं रहता।

1. मनुष्य कैसा प्राणी है?
   क. आर्थिक ख. सामाजिक ग. राजनीतिक
2. जहाँ सहयोग है, वहाँ पर क्या है?
   क. उन्नति ख. अवनति ग. विफलता
3.. जहाँ मेलजोल है वहाँ …… का वास है।(उपयुक्त स्थान भरें)
   क. कठिनाई ख. लक्ष्मी ग. कलह
4. गुण -शब्द का विपरीत शब्द है?
   क. अवगुण ख. सगुण ग. निर्गुण
5. जहाँ लोग मिलजुलकर नहीं रहते ,वहाँ पर क्या होता है?
   क. सुख ही सुख ख. दुख ही दुख
   ग. तरक्की

ख. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।

1.निम्नलिखित उपसर्गों में से दो- दो शब्द बनाइए।
   वि,अव
2. अनुशासन- शब्द में से मूल शब्द और उपसर्ग अलग कीजिए।
3. निम्न प्रत्यय से दो- दो शब्द बनाइए।
   ता, आवट
4. दुकानदार-शब्द में से मूल शब्द व प्रत्यय अलग कीजिए।
5. वाक्य में से संज्ञा शब्द छांट कर भेद बताइए।
   1. रोहन गा रहा है।
6. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए।
   क. आदमी
   ख. शेर
7. निम्नलिखित रिक्त स्थान में उचित सर्वनाम शब्द भरें।
   क……क्या कर रहे हो?
   ख. ……अपने आप चला जाऊंगा।
8. अंतस्थ व्यंजन लिखो।
9. निम्नलिखित शब्दों का वर्ण विच्छेद करो।
   क. रसोईघर
   ख.पाठशाला
10. निम्नलिखित शब्दों के दो पर्यायवाची शब्द लिखो।
   क. पृथ्वी
   ख.वन